Ministry for Ethnic Communities
Te Tari Mātāwaka

सरकारी सेवाओं को फोन करते समय भाषा सहायता

यदि आप किसी सरकारी एजेंसी को फोन कर रहे हैं और आपको भाषा संबंधी सहायता की आवश्यकता है, तो दुभाषिए की मांग करें।

यह सुनिश्चित करना सरकारी एजेंसी की जिम्मेदारी है कि सेवाएं उपलब्ध हैं। इसमें जनता को **मुफ्त में** पेशेवर दुभाषिए उपलब्ध कराना शामिल है।

दुभाषिया कैसे प्राप्त करें

1. सरकारी एजेंसी को फोन करें।
2. एक दुभाषिए की मांग करें और उस व्यक्ति को फोन पर बताएं कि आप कौन सी भाषा बोलते हैं। आपको अंग्रेजी में इसकी मांग करने की आवश्यकता होगी, इसलिए फोन करने से पहले 'interpreter (इंटरप्रेटर)' शब्द और अपनी भाषा का अंग्रेजी में नाम बोलने का अभ्यास करें।
3. आपको प्रतीक्षा करने के लिए कहा जाएगा। फोन पर ही बने रहें - **फोन को** मत काटें।
4. यदि उपलब्ध होगा, तो आपकी सहायता के लिए एक पेशेवर दुभाषिया शामिल होगा। सरकारी एजेंसियों को कुछ भाषाओं के लिए पहले से दुभाषियों को बुक करने की आवश्यकता हो सकती है।

यदि आपको आमने-सामने या वीडियो कॉन्फ्रेंस मीटिंग के लिए दुभाषिए की जरूरत है, तो दुभाषिए की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एजेंसी को पहले ही ईमेल कर दें।

कई सरकारी एजेंसियां और परिषदें दुभाषिए के लिए आपकी सहायता कर सकती हैं। पूरी सूची यहां उपलब्ध है: **www.mbie.govt.nz/language-assistance-services/participating-agencies**

यदि आपके सरकारी दुभाषिया सेवाओं तक पहुँचने के बारे में कोई प्रश्न या चिंताएँ हैं, तो हमें **info@ethniccommunities.govt.nz** पर ईमेल करें